हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025

12 आरती राव ने समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन



12 हकेंवि ने विकसित किया सॉयल हेल्थ प्लस जैव उत्पाद



## खबर संक्षेप

### कोर्ट ने ब्याज समेत पैसा लौटाने का दिया आदेश

**नारनौल।** सिविल जज जूनियर डिविजन अनुराग यादव की अदालत ने एक मामले की सुनवाई करते हुए प्रतिपक्ष को मय ब्याज राशि 421875 रुपये लौटाने का आदेश सुनाया है। नलापुर निवासी प्रमोद कुमार यादव एडवोकेट ने बताया कि उसने छह अप्रैल 2019 को तीन लाख रुपये सुरेंद्र कुमार वासी गांव नावदी को उधार दिया था। पंजाब नेशनल बैंक शाखा कोर्ट रोड ने सुरेंद्र का दिया चेक क्लीयरेंस में समय पर नहीं भेजा।

### नि:शुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर 26 को

**महेंद्रगढ़।** निम्स अस्पताल जयपुर की ओर से नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन 26 अक्टूबर को बाबा मेडिकल स्टोर सतनाली मोड़ नजदीक महाराणा प्रताप चौक पर किया जाएगा। एडवोकेट नरेश शर्मा ने बताया कि शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें अनेक सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक सेवाएं प्रदान करेंगे। जिनमें त्वचा रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, न्यूरो विशेषज्ञ, कान, नाक, गला विशेषज्ञ आदि रहेंगे।

### 5 नवंबर को देव दिवाली 1100 दीप जलाएंगे

**नारनौल।** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से चामुंडा मंदिर में पांच नवंबर को देव दिवाली उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान करीब 1100 दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इस संबंध में ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण की दिशा में ट्रस्ट द्वारा यह आयोजन नगर के धार्मिक एवं सांस्कृतिक जीवन में नई चेतना का संचार करेगा।

### जिलास्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 27 से

**नारनौल।** जिला स्तरीय अंडर-11 दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आरपीएस स्कूल सुराणा में 27 व 28 अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक जनवरी 2015 के बाद की जन्मतिथि वाले कक्षा तीसरी से कक्षा पांचवी के छात्र व छात्राएं भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर को केवल लड़कों के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे व 28 अक्टूबर को लड़कियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 27 अक्टूबर को साढ़े आठ बजे तक सभी प्रतिभागी पंजीकरण करवाएं।

### शिक्षाविद् डॉ. यादव की पुण्यतिथि पर हवन आज

**नारनौल।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व डीन एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. जेएस यादव की पुण्यतिथि पर 24 अक्टूबर को गांव नीरपुर में हवन होगा। यह हवन सुबह नौ बजे आरम्भ होगा। इस दौरान स्व. डॉ. जेएस यादव की धर्मपत्नी कमला यादव, पुत्र मेजर जनरल अरविंद यादव, डॉ. अतुल यादव व असीम राव सहित उनके प्रशसंक उपस्थिति दर्ज करवाकर हवन में आहुति देंगे और उनके बारे में विचार प्रकट करेंगे।

## 18 अक्टूबर के बाद से ही शहर में नहीं हो रही समुचित सफाई

# त्योहारी सीजन में 4 दिन नहीं हुई सफाई, गलियों में लगे कूड़े के ढेर

मुख्य मार्गों से तो नगर परिषद ने कूड़ा उठवा दिया, लेकिन शहर के अंदर हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

दीपावली के बाद नगर परिषद ने मुख्य मार्गों से तो कूड़ा उठावा दिया, लेकिन अब भी गली–मोहल्लों समेत अनेक स्थानों पर कूड़ा ज्यों का त्यों पड़ा हुआ है, जिससे नगर परिषद की सफाई व्यवस्था की हकीकत सामने आ रही है। गलियों में अब भी जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। नालियां भी प्लास्टिक और गंदगी से भरी पड़ी हैं। इस वजह से पूरे इलाके में बदबू फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस हालत में रहना मुश्किल हो गया है।

दीपावली के बाद तो स्थिति अधिक विकट हो गई है। मुख्य मार्गों पर जरूर सफाई की गई, लेकिन अधिकांश गली-मोहल्लों में गंदगी व कूड़े के ढेर नगर परिषद की कार्यप्रणाली की पोल खोल रहे हैं। ठेका कंपनी पर भी बड़े सवाल उठ रहे हैं। समुचित शहर में एक साथ अब भी सफाई नहीं हो पा रही है। शहर की आबादी के अनुपात में पर्याप्त सफाई कर्मचारी एवं संसाधन नहीं होना भी सफाई व्यवस्था का बुरा हाल होने के प्रमुख कारक माने जा सकते हैं। हद तो यह है कि केन्द्र व प्रदेश सरकार के स्वच्छ भारत मिशन को भी दरकिनार किया जा रहा है, जबकि गंदगी के कारण लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। अधिकांश क्षेत्रों में कचरे के ढेर पड़े हैं, जिससे स्वास्थ्य को खतरा बना रहता है।





नारनौल। शहर में कूड़ा उठान नहीं होने से लगे जगह–जगह लगे कूड़े के ढ़ेर। फोटो : हरिभूमि

### जल्द उठवाएंगे गंदगी

शहर में सफाई निरंतर करवाई जा रही है। बीच में दीपावली की दुकानें लगने से सफाई वाहनों का प्रवेश मुश्किल हो गया था, लेकिन अब सफाई करवाई जा रही है। जहां–जहां गंदगी फैली है, उसे उठवाया जा रहा है।
– कर्मबीर, सुपरिटेंडेंट, सफाई कंपनी, नप नारनौल।

### हुडा के सेक्टरों का भी बुरा हाल

कचरे के ढेर कई दिनों तक उठाए नहीं जाने के कारण इस कचरे के ढेर को मवेशी आकर बिखेर देते हैं। कचरा मार्ग पर पसर जाता है। इससे नागरिकों को मार्ग से आने जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर परिषद अंतर्गत कई वार्डों में गंदगी का आलम दिखाई देता है। वहीं शहर की पॉश कॉलोनी हुडा सेक्टर के भी कुछ इसी तरह के हालात हैं। यहां अंदरूनी गलियों में बड़े पैमाने पर गंदगी देखी जा सकती है। शहर में आवारा घूमता गोवंश इन कूड़े के ढेरों में मुंह मारता रहता है तथा इससे लोगों को परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द सफाई व्यवस्था सुधारने और नियमित निगरानी करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर सफाई पर वास्तव में ध्यान दिया जाए तो शहर को साफ और स्वच्छ रखा जा सकता है। बता दें कि जब दीपावली के पंच पर्व के चलते धनतेरस पर्व आया था, शहर में सफाई एवं कूड़ा उठान का कार्य उससे पहले ही किया गया था, क्योंकि शहर के मुख्य बाजारों में दुकानदारों ने अपनी दुकानदारी जमा ली थी और बाजार एकदम सिकुड़ गए थे। सिकुड़न एवं भीड़ के कारण तबसे शहर में सफाई नहीं हो सकी थी। मगर कमाल की बात है कि दीपावली के बाद अन्नकूट एवं भैयादूज तक का पर्व संपन्न हो चुका है, लेकिन अब तक पूरे शहर में सफाई नहीं हो सकी है। इसी कारण अब भी अनेक स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिनसे लोगों को परेशानी हो रही है।

# बार एसोसिएशन नारनौल काउंसिल से हुई पंजीकृत



नारनौल। बार रजिस्टर्ड होने का प्रमाण पत्र प्रधान संतोख सिंह को सौंपते एडवोकेट जयवीर यादव। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कोर्ट परिसर स्थित बार रूम में जिला बार एसोसिएशन की बैठक प्रधान संतोख सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जरनल हाउस की मीटिंग में प्रधान संतोख यादव को बार का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट सौंपा गया। इस अवसर पर बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा चंडीगढ़ के पूर्व चेयरमैन एवं वर्तमान सदस्य जयवीर यादव का बार रूम पहुंचने पर प्रधान ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर पंकज किरोड़ीवाल, ललित तंवर, जसबीर ढिल्लो, ओमप्रकाश यादव, रामजीलाल आदि सभी एडवोकेट ने उनका स्वागत किया। प्रधान ने बताया कि पिछली मीटिंग में जब एडवोकेट जयवीर यादव बार रूम में पहुंचे थे। उस समय बार का रजिस्ट्रेशन करने के लिए तमाम फाइल और डॉक्यूमेंट इनको सौंपे थे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व चेयरमैन जयवीर यादव ने प्रधान को जिला बार एसोसिएशन का पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा कहा कि वह बार के मेंबर्स के लिए 24 घंटे उपलब्ध हैं और वकीलों के कल्याण के लिए प्रयासरत हैं। मंच संचालन सचिव प्रदीप यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपप्रधान विकास सांगवान, संयुक्त सचिव चंद्रदेव यादव तथा कोषाध्यक्ष सुगन सिंह एडवोकेट छिलरो समेत अनेक अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# बस स्टैंड गेट से कर्मियों ने हटवाईं रेहड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

बस स्टैंडर इंचार्ज हरिकिशन की देखरेख में गुरुवार को रोडवेज कर्मियों ने बस स्टैंड के मुख्य गेट के बाहर लगी रेहड़ियों को हटवाया। यह रेहड़ियां बसों के आवागमन में बाधा बनी हुई थी और अक्सर दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इसी वजह से गत मंगलवार को प्रशासनिक कैंप में बस स्टैंड के सामने रेहड़ी हटवाने को लेकर रोडवेज कर्मचारियों ने वीरवार को एसडीएम कनिका गोयल को पत्र सौंपा गया था। तब रोडवेज कर्मचारियों ने बताया कि महेंद्रगढ़ बस स्टैंड के गेट पर रेहड़ी लगी हुई है, जिससे रोडवेज की गाड़ियां अंदर आती है, तो उस समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसी के मद्देनजर बस स्टैंड के गेट से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान रेहड़ी वालों से नोक–झोंक हुई।



### जहरीला पदार्थ खाने से व्यक्ति की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव ढाढोत निवासी एक व्यक्ति की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पिता केवलराम ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह फिलहाल जयपुर में रहता है। उसके दो बेटे हैं, बड़ा बेटा प्रीतम व छोटा बेटा सुनील कुमार है। दोनों शादीशुदा है। बीते दिनों की रात्रि को सुमन पत्नी सुनील कुमार ने सूचना दी कि सुनील ने जहरीला पदार्थ खा लिया है, सुनील कुमार फिलहाल सीरियस हालात में है और वह निजी अस्पताल नारनौल में भर्ती है। इस सूचना पर वह अस्पताल पहुंचा तो पता चला कि सुनील कुमार की मौत हो चुकी है।

# तीन एकड़ की अवैध कॉलोनी पर चला पंजा

- जिला योजनाकार विभाग की टीम ने दिया कार्रवाई को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

जिला नगर योजनाकार विभाग की की टीम ने वीरवार को सिहोर रोड पर करीब तीन एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में जेसीबी मशीन से तोड़फोड़ कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई में 10 डीपीसी, दो चारदीवारी तथा एक अवैध निर्माण सहित रोड नेटवर्क उखाड़े गए। विभाग की टीम ने पूरी तोड़फोड़ कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट सतेन्द्र कुमार, सहायक नगर योजनाकार रवि कुमार, विकास कुमार, योगेन्द्र कुमार, जितेन्द्र कुमार ने पुलिस बल की मौजूदगी में की। जिला योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग ने आमजन से नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में किसी प्रकार का निर्माण करने से पूर्व विभागीय अनुमति लें। बिना अनुमति के किया गया किसी भी प्रकार का निर्माण अवैध माना जाएगा।



कनीना। अवैध निर्माण हटाती डीटीपी की टीम। फोटो : हरिभूमि

### प्लॉट की वैधता जांचें

उन्होंने कहा कि निदेशक नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा की ओर से लाइसेंस अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें। उन्होंने आमजन से कहा कि अवैध कॉलोनी में कोई भी प्लाट प्रॉपर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें। इसके अतिरिक्त कोई भी प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता जांचें।

# स्टेट रजिस्ट्रार ने यादव सभा के चुनाव पर लगाई रोक

- 24 नवंबर को होगी अगली सुनवाई, अपीलकर्ताओं ने जिला रजिस्ट्रार के 17 अक्तूबर के आदेश को दी थी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

स्टेट रजिस्ट्रार (फर्म्स व सोसाइटीज) हरियाणा ने यादव सभा के संस्थापक सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल की ओर से दायर की गई अपील पर सुनवाई करते हुए वीरवार को अंतरिम आदेश जारी कर यादव सभा की वर्तमान चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए पूरे मामले की सुनवाई के लिए 24 नवंबर को अगली तारीख निश्चित की है। संस्थापक सदस्यों के शिष्टमंडल ने जिला रजिस्ट्रार के पारित आदेश में खामियों को आधार बनाकर स्टेट रजिस्ट्रार को अपील की थी। जिस पर जिला रजिस्ट्रार ने मुख्य चुनाव अधिकारी की ओर से तय दिशा-निर्देशों में तब्दीली कर नामांकन शुरू होने के अगले दिन एक आदेश पारित किया, जिससे सभा के सदस्यों में रोष पैदा हो गया। चुनावी प्रक्रिया के बीच में इस प्रकार के आदेश से समाज में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई और धीरे-धीरे चुनावी प्रक्रिया के खिलाफ रोष उत्पन्न हो गया। संस्थापक सदस्यों के शिष्टमंडल में शामिल चेयरमैन सुरेंद्र बैरावास, प्रवीण सिसोठ, अनिल भगड़ाना व एडवोकेट सुरेंद्र सीगडा ने बताया कि इसी संदर्भ में सभा के संस्थापक सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने गत बुधवार को भी एक बैठक कर जिला एवं स्टेट रजिस्ट्रार को वर्तमान चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की थी। स्टेट रजिस्ट्रार के इस अंतरिम आदेश से यादव सभा के संस्थापक सदस्यों ने प्रसन्नता जाहिर की।

### निष्पक्ष चुनाव की मांग

सभा के संस्थापक सदस्य प्रदीप बालरोडिया, सतवीर सरपंच, शुभराम यादव, एडवोकेट राजकुमार यादव ने बताया कि पिछले कई सालों से कुछ प्रभावशाली लोग नियमों को ताक पर रखकर सभा के चुनाव को प्रभावित करके कार्यकारिणी बना रहे थे। जिसको लेकर पिछले चुनाव में भी शिकायत की गई थी। इस बार चुनाव प्रक्रिया बिल्कुल सही तरीके से चल रही है। चुनाव की निष्पक्षता पर यह लोग अपने निजी स्वार्थों के कारण सवाल खड़ा कर रहे हैं।

### 27 अक्टूबर को होने थे चुनाव

जिला रजिस्ट्रार फर्म्स एंड सोसाइटीज की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार 26 सितंबर को कॉलेजियम के मतदाताओं की सूची जारी की गई थी। जिसके अनुसार 27 सितंबर से 11 अक्टूबर तक मतदाता सूची में आपत्ति दर्ज कराने का समय निर्धारित था। इसके बाद 14 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई। नामांकन पत्र भरने की तिथि 14 से 16 अक्टूबर तय की गई थी। वहीं 19 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की गई। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर निर्धारित थी। इसी बीच समाज के कुछ सदस्यों ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि समाज की सदस्यता के लिए तीन श्रेणिया हैं, जिनमें साधारण वार्षिक सदस्य के लिए 1100 रुपये निर्धारित किए गए। जिनकी संख्या लगभग 1922 हैं। वहीं आजीवन सदस्य के लिए 11000 रुपये देकर कुल 125 मेंबर बनाए गए। इसके अलावा संस्थापक सदस्य 21000 रुपये देकर कुल 1011 सदस्य हैं। इस प्रकार सभा में कुल मेंबर 3058 है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार इस चुनाव में केवल कॉलेजियम के करीब 60 सदस्यों को ही मतदान का अधिकार दिया गया, जबकि समाज के आजीवन सदस्यों को चुनाव में भाग लेने का अवसर नहीं मिला। उनका आरोप है कि चुनाव अधिकारी की अनियमितताओं के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई।

# वार्ड 7 में 35 लाख रुपये से बनेंगी चार सड़कें



महेंद्रगढ़। नत्थूवाली माता मंदिर तक जाने वाली सड़क निर्माण को उखाड़ी गई।

- यह चारों सड़क इंटरलॉकिंग टाइलों की होंगी, लोगों को मिलेगा फायदा
- वार्ड में काफी समय से नहीं हो रहे थे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के वार्ड नंबर सात में जर्जर सड़क की समस्या से परेशान वार्ड की जनता के लिए एक अच्छी खबर है। वार्ड की चार प्रमुख सड़क व गलियों के निर्माण के लिए नगर पालि करीब 35 लाख रुपये खर्च कर नई सड़क व गलियों का निर्माण किया जाएगा। संबंधित ठेकेदार की ओर से सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। संबंधित ठेकेदार की ओर से वार्ड नंबर सात में दो माह में सड़क का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया। यह चारों सड़क इंटरलॉकिंग टाइलों की बनाई जाएगी। निर्माण कार्य के दौरान सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण हटाया जाएगा। बता दें कि यह चारों सड़क काफी समय से जर्जर अवस्था में थी। वार्ड सात के अधिकांश मोहल्लों में प्रमुख सड़कें जर्जर और गलियां बदहाल थी। इस कारण यहां के लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी। स्थानीय लोग वार्ड के पार्षद और चेयरमैन से काफी समय से सड़कों को दुरुस्त कराने की मांग कर रहे थे।

### इन सड़कों का निर्माण

शहर के वार्ड नंबर सात में नगर पालिका ओर से चार सड़कों पर करीब 35 लाख रुपये खर्च करेंगी। इन सड़कों में 11 हट्टा बाजार से नत्थूवाली माता मंदिर तक, सतबीर के मकान से होते हुए राजकुमार कोकाबंगड़ी तक, हरि तिवाड़ी के मकान से राठी चौक होते महेंद्र सैनी के मकान तक व सतबीर के प्लॉट से लेकर राठी की हवेली तक की सड़क बनाई जाएगी। वार्ड नंबर सात पार्षद भतेरी देवी के प्रतिनिधि यशपाल यादव का कहना है कि उनके वार्ड में नगर पालिका की ओर से चार सड़कों का निर्माण किया जाएगा। यह चारों सड़क काफी समय से जर्जर अवस्था में थी। निर्माण कार्य को लेकर गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखा जाएगा, ताकि सड़क अच्छी बन सके। आने वाले समय में वार्ड में ओर विकास कार्य करवाएं जाएंगे। जिससे वार्ड की जनता को फायदा मिल सकें।

## कैटेगरी के हिसाब से बची सीटें विद्यार्थियों को ऑफर करेगी कमेटी

# यूजी और पीजी में दाखिले के लिए 27 अक्टूबर तक खोला पोर्टल

- दाखिले से वंचित विद्यार्थियों के लिए एक और मौका, करवाना होगा रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक (यूजी) व स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन पोर्टल फिर से खोल दिया है। इच्छुक छात्र 27 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना ऑनलाइन आवेदन के किसी भी छात्र को दाखिला नहीं मिलेगा। बता दें कि विभाग ने पहले स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 19 मई से 16 जून तक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए 16 जुलाई से 28 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए थे। इसके बाद मेरिट लिस्ट निकाली गई और फिजिकल काउंसलिंग के जरिए दाखिले दिए गए, लेकिन अभी भी कई सीटें खाली हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों व कॉलेजों दोनों की ओर से बार-बार अनुरोध के बाद पोर्टल को फिर से खोला गया है, ताकि खाली सीटें भरी जा सकें।




नारनौल। राजकीय पीजी कॉलेज।

**जिले से सबसे पुराने कॉलेज में यूजी व पीजी की सीटें खाली :** जिले के सबसे पुराने राजकीय पीजी कॉलेज में यूजी व पीजी कोर्स की सीटें अभी भी खाली है। जिसमें यूजी कोर्स में बीए की 279 सीटें खाली है। इसके अलावा बीबीए की तीन सीट, कॉमर्स की 152, लाइफ सांइस की 12, फिजिकल साइंस 213 सीटें रिक्त है। वहीं पीजी कोर्स में एमए अंग्रेजी सात सीट, एमए संस्कृत में सात, मास्टर ऑफ कॉमर्स में छह, कम्प्यूटर साइंस में नौ, भूगोल में एक, जियोलॉजी में सात, मैथ में दो, पीजीडीसीए में 20, पीजीडीडीएम में 15 सीटें रिक्त है। राजकीय पीजी कॉलेज के दाखिला कमेटी के नोडल अधिकारी डॉ. सतीश कुमार सैनी ने बताया कि दाखिले मेरिट के आधार पर दिए जाएंगे।

### हायर एजुकेशन विभाग ने भेजा पत्र

हरियाणा सरकार ने कॉलेज एडमिशन की प्रक्रिया को एक बार फिर से खोल दिया है। राज्य के सरकारी, एडिड व निजी कॉलेजों में यूजी व पीजी कक्षाओं में हजारों सीटें खाली रह गई थी। अब उच्चतर शिक्षा विभाग (हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट) ने विद्यार्थियों को एक और मौका दिया है, ताकि जो विद्यार्थी किसी वजह से आवेदन नहीं कर पाए थे, वे अब दाखिला ले सकें। जिसके लिए विभाग की ओर से ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल को दोबारा खोल दिया गया है। अब विद्यार्थी 27 अक्टूबर तक आवेदन कर सकेंगे।

### पहले तीन चरणों में नहीं भर पाईं सीटें

ग्रेजुएशन कोर्सों में एडमिशन के लिए हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट ने इस बार 19 मई से 16 जून तक आवेदन लिए थे। इस अवधि के बाद तीन बार काउंसलिंग कराई गई। हर बार मेरिट लिस्ट निकाली गई और विद्यार्थियों को फीस जमा कर दाखिला लेने का समय दिया गया, लेकिन फिर भी सीटें खाली रह गई। नतीजतन अब पोर्टल को दोबारा खोलने का निर्णय लिया गया है, ताकि हर सीट योग्य छात्र से भर सके।

### पीजी कोर्सों में भी खाली रह गईं सीटें

पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्सों के लिए विभाग ने पहले 16 जुलाई से 28 जुलाई तक आवेदन मांगे थे। इसके बाद मेरिट लिस्ट निकाली गई और फिजिकल काउंसलिंग के जरिए दाखिले दिए गए, लेकिन दो राउंड की काउंसलिंग के बाद भी सीटें भर नहीं पाई। ऐसे में अब जो सीटें बची हैं, उन्हें भरने के लिए पोर्टल को एक बार फिर खोला गया है।

